भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर सेमिनार

कोलकाता. कलकत्ता चेंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से "भारत-अमेरिका व्यापार समझौता 2026 एवं अन्य मुक्त व्यापार समझौतेः अवसर और रणनीतिक परिदृश्य" विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया. इस अवसर पर पश्चिम बंगाल सरकार के सहकारिता विभाग तथा सिंचाई एवं जलमार्ग विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, डॉ कृष्णा गुप्ता (आइएएस) एवं भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के पूर्व अतिरिक्त डीजीएफटी और पूर्व जोनल डेवलपमेंट कमिश्नर, संजीव नंदवानी (आइटीएस, सेवानिवृत्त) ने नव घोषित भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते तथा भारत की व्यापक एफटीए नीति के प्रभावों का विश्लेषण किया. इस मौके पर चेंबर के अनंत सहारिया ने स्वागत भाषण दिया. इस मौके पर डॉ कृष्णा गुप्ता ने बताया कि यह अंतरिम समझौता लगभग 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के विशाल बाजार में भारत को वरीयता आधारित पहुंच प्रदान करता है. इससे वस्त्र, चमड़ा, रत्न एवं आभूषण जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को विशेष लाभ मिलेगा. इस संवाद सत्र का संचालन संजीव नंदवानी (आइटीएस, सेवानिवृत्त) ने किया. चेंबर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग झुनझुनवाला ने धन्यवाद ज्ञापित किया.